**प्रेस नोट**
**दिनांक 04-09-2024**

## मोटरसाईकिल चोरी की कई घटनाओं का खुलासा, 03 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे व निशानदेही से 15 अदद चोरी की मोटरसाईकिलें बरामद-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री सौरभ वर्मा के नेतृत्व में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-603/24, धारा 303(2) बीएनएस, मु0अ0सं0-615/24, धारा 303(2) बीएनएस, मु0अ0सं0-655/24, धारा 379 भादवि, मु0अ0सं0-393/24, धारा 379 भादवि व मु0अ0सं0-390/23, धारा 379 भादवि से सम्बन्धित मोटरसाईकिल चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त 03 शातिर चोर-01. कौशल किशोर उर्फ सचिन चौहान पुत्र गरीब चौहान नि0 कटरा कस्बा थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा, 02. सूरज सिंह पुत्र अरविन्द सिंह नि0 शीतल सिंह पुरवा मौजा कोयली जंगल थाना को0 देहात जनपद गोण्डा, 03. शुभम सिंह पुत्र अरविन्द सिंह नि0 शीतल सिंह पुरवा मौजा कोयली जंगल थाना को0 देहात जनपद गोण्डा को ट्रेंड्स माल से गायत्रीपुरम जाने वाले रोड से गिरफ्तार कर उसके कब्जे व निशानदेही से चोरी की 15 अदद मोटरसाईकिलों को बरामद किया गया।

### घटना का संक्षिप्त विवरण-

आज दिनांक 04.09.2024 को थाना को0 नगर व एस0ओ0जी0 की संयुक्त टीम बड़गांव चैराहे के पास मौजूद थे कि सूचना प्राप्त हुई कि चोरी की मोटरसाईकिलों के साथ कुछ लोग बड़गांव चौराहे की तरफ आ रहे है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की 02 अभियुक्तों-01. कौशल किशोर उर्फ सचिन चौहान पुत्र गरीब चौहान, 02. सूरज सिंह पुत्र अरविन्द सिंह को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी 02 अदद मोरसाईकिलों को बरामद किया गया तथा पूछताछ के दौरान गिरोह के अन्य सदस्य शुभम सिंह को ट्रेंड्स माल से गायत्रीपुरम जाने वाले रोड से गिरफ्तार कर उनके निशानदेही से चोरी की अन्य 13 अदद मोटरसाईकिलों को बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना को0 नगर में गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

### पूछताछ का विवरण-

गिरफ्तार अभियुक्तगणों से कड़ाई से पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण आर्थिक लाभ कमाने हेतु मोटरसाईकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते है। उक्त अभियुक्तगणों द्वारा अपने साथी अभियुक्तों के साथ मिलकर गोण्डा कचहरी से सी0डी0 डिलक्स मोटरसाईकिल यू0पी0 43 वाई 3847, गायत्रीपुरम फलहारी मंदिर के पास से हीरो एच एफ डिलक्स यू0पी0 43 ए0आर0 6865, गोण्डा कचहरी से स्पेलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल नं0-यू0पी043ए एक्स 4503, जिला अस्पताल से हीरो एच0एफ0 डिलक्स मोटरसाईकिल नं0- यू0पी043 एक्स 4269, जनपद अयोध्या से बजाज पल्सर नं0 यू0पी042ए0जेड07484 व 08 अन्य मोटरसाईकिलों को अन्य-अन्य स्थानों से चोरी की गयी थी। जिनके सम्बन्ध में पूर्व में थाना को0 नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत था।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

01. कौशल किशोर उर्फ सचिन चौहान पुत्र गरीब चौहान नि0 कटरा कस्बा थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

02. सूरज सिंह पुत्र अरविन्द सिंह नि0 शीतल सिंह पुरवा मौजा कोयली जंगल थाना को0 देहात जनपद गोण्डा।

03. शुभम सिंह पुत्र अरविन्द सिंह नि0 शीतल सिंह पुरवा मौजा कोयली जंगल थाना को0 देहात जनपद गोण्डा।

**अनावरित अभियोग-**

01. मु0अ0सं0-603/24, धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।
02. मु0अ0सं0-615/24, धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।
03. मु0अ0सं0-655/24, धारा 379,411 भादवि थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।
04. मु0अ0सं0-393/24, धारा 379,411 भादवि थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।
05. मु0अ0सं0-390/23, धारा 379,411 भादवि थाना को0 नगर जनपद अयोध्या।

**बरामदगी-**

01. मोटरसाइकिल नं0 UP 43Y 3847 CD डीलक्स, मु0अ0सं0-603/24 से सम्बन्धित
02. मोटरसाइकिल नं0 UP 43 AR 6865 हीरो HF डीलक्स, मु0अ0सं0-615/24 से सम्बन्धित
03. वाहन संख्या UP 43 AX 4503 स्पेलेन्डर प्लस, मु0अ0सं0-393/24 से सम्बन्धित
04. वाहन सं0- UP43 X 4269 हीरो एच0एफ0डिलक्स, मु0अ0सं0-655/24 से सम्बन्धित
05. वाहन सं0 UP 42 AZ 7484 बजाज पल्सर, मु0अ0सं0-390/24 से सम्बन्धित
06. वाहन सं0 UP 43 J 4235 होण्डा एक्टीवा
07. वाहन सं0 UP 43 AG 5372 टीवीएस स्पोर्ट
08. वाहन सं0 UP 43 H 7060 हीरो होण्डा सुपर स्प्लेण्डर
09. वाहन सं0DL 6SS 0773 हीरो होण्डा सीडी डान
10. वाहन सं0 UP 43 X 9392 टीवीएस स्पोर्ट
11. वाहन सं0 UP 43 AB5792 हीरो एचएफ डिलक्स
12. वाहन सं0 UP 43 AM5846 बजाज प्लेटिना
13. वाहन सं0 UP 43 X 7009 टीवीएस अपाची
14. वाहन सं0 DL10SC 8174 बजाज पल्सर 200 एनएस
15. वाहन सं0 UP 43 S 3433 बजाज पल्सर

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. प्रभारी एस0ओ0जी0 शादाब आलम।
02. उ0नि0 अंगत सिंह थाना को0 नगर।
03. उ0नि0 केदारराम।
04. मु0आ0 मनोज कुमार यादव।
05. का0 सुरेन्द्र कुमार।
06. का0 विनय कुमार।
07. का0 अभय यादव।
08. हे0का0 रणधीर एस0ओ0जी0।
09. हे0का0 पंकज सिंह।

10. हे0का0 अरूण कुमार।
11. हे0का0 महेन्द्र यादव।
12. हे0का0 राकेश सिंह।
13. हे0का0 अमित पाठक।
14. हे0का0 रवि प्रताप।
15. हे0का0 हृदय नरायन दीक्षित।
16. का0 आदित्य पाल।
17. का0 अंशुमान पाण्डेय।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 04.09.2024**

**कजरी तीज त्यौहार की तैयारियों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा सरयू घाट का किया गया निरीक्षण, सुरक्षा प्रबन्धों की समीक्षा कर सभी सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देशः–**

गोण्डा। आज दिनांक 04.09.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा कजरी तीज त्यौहार की तैयारियों को लेकर सरयू घाट का निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा सरयू घाट पर लगी बैरिकेटिंग, बैरियर व साफ–सफाई का जायजा लिया गया तथा सरयू घाट पर श्रद्धालुओं के समस्त सुरक्षा प्रबंधों को पुख्ता करने के निर्देश दिए गए।
कजरी तीज पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा व्यापक पैमाने पर कांवड यात्रा/शोभा यात्रा निकाली जाती है जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु सरयूघाट से जल भरकर पृथ्वीनाथ मंदिर, दुखहरन नाथ मंदिर आदि में जलाभिषेक करते है। इस प्रकार सम्पूर्ण कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस प्रबन्ध के अनुसार कुल 04 जोन व 20 सेक्टर में विभाजित किया गया है। सम्पूर्ण पुलिस प्रबन्ध में जनपदीय व गैरजनपदीय के 04 अपर पुलिस अधीक्षक, 13 पुलिस उपाधीक्षक, 29 थानाध्यक्ष/प्र0नि0 सहित पर्याप्त संख्या में पुरूष/महिला आरक्षियों की ड्यूटी लगायी गयी है। इसके अतिरिक्त 02 कम्पनी, 01 प्लाटून पी0ए0सी0, जल पुलिस, अग्निशमन पुलिस को भी लगाया गया है तथा 04 क्यूआरटी का गठन किया गया है। आकस्मिक प्रकाश व्यवस्थापन हेतु ड्रेगन लाइट की व्यवस्था की गयी है। महिला श्रद्धालुओं के दृष्टिगत अवांछनीय तत्वों/चेन स्नेचिंग जैसी घटनाओं की रोकथाम हेतु 04 एण्टीरोमियों टीम का गठन किया गया है। सूचनाओं के त्वरित गति से आदान प्रदान हेतु सब कण्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है जिसके प्रभारी आर0आई0 रेडियों गोण्डा होंगे। मंदिरों पर सी0सी0टी0वी से निगरानी हेतु सी0सीटी0वी0 कण्ट्रोलरूम की स्थापना की गयी है। जोनल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के व सेक्टर प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी की ड्यूटी लगायी गयी है। श्री मनोज कुमार रावत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी गोण्डा को प्रथम जोन, श्री राधेश्याम राय अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी गोण्डा को द्वितीय जोन, श्री योगेश कुमार अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर को तृतीय जोन व श्री पवित्र मोहन त्रिपाठी अपर पुलिस अधीक्षक बहराइच को चतुर्थ जोन का प्रभारी बनाया गया है। सभी जोनल/सेक्टर प्रभारी लगातार क्षेत्र में भ्रमण रहकर चाक चौबन्द सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखेंगे। यातायात व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन हेतु रूट डायवर्जन प्लान तैयार कर लिया गया है। भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल का समुचित व्यवस्थापन कर सादे वस्त्रों में भी पुलिसकर्मी एवं महिला पुलिस की संयुक्त टीमों को लगाया गया है। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, जुलूस के मार्गो पर सी0सी0टी0वी0 कैमरों एवं ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी जायेगी।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 04.09.2024**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा कजरीतीज पर्व को सकुशल ढंग से संपन्न कराने हेतु रिजर्व पुलिस लाइन गोंडा में जनपदीय पुलिस/बाहरी जनपदों से आए पुलिस बल को किया गया ब्रीफ, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश –**

गोण्डा। आज दिनांक 04.09.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा कजरी तीज पर्व को सकुशल ढंस से सम्पन्न कराने हेतु ड्यूटी पर लगे अधिकारी/कर्मचारीगणों के साथ रिवर्ज पुलिस लाइन गोण्डा में ब्रीफिंग कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा सभी अधिकारी/कर्मचारीगणों को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष कजरी तीज का पर्व जनपद गोण्डा में दिनांक 05/06.09.2024 को मनाया जायेगा। इस पर्व के अवसर पर जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों तथा अन्य सीमावर्ती जनपदों बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती एवं अयोध्या के दूरस्थ क्षेत्रों से अत्यधिक संख्या में श्रद्धालु कॉवरियों के रूप में सरयू घाट से स्नान कर जल लेकर लखनऊ–गोण्डा मार्ग से होते हुए थाना क्षेत्र कर्नलगंज के बरखण्डी नाथ मंदिर, थाना खरगूपुर क्षेत्रान्तर्गत पृथ्वीनाथ मंदिर तथा को0 नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित दुःखहरण नाथ मंदिर आदि पर जलाभिषेक करेंगें। इस पर्व की संवेदनशीलता एवं कॉवरियों की काफी संख्या में भीड़ को देखते हुए जनपद के प्रमुख स्थानों पर पुलिस प्रबन्ध किए गए है। महोदय द्वारा बताया गया कि सभी जोनल/सेक्टर पुलिस अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर ड्यूटी में लगाये गये पुलिस बल की समीक्षा कर उनकी स्वविवेक से समुचित स्थानों पर आवश्यक ड्यूटी लगाकर उनके कर्तव्यों के बारे में भली–भांति ब्रीफ करते हुए कजरीतीज पर्व को सकुशल सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगें। उक्त पर्व के अवसर पर ड्यूटी पर लगें सभी प्र0नि0/निरीक्षक/थानाध्यक्ष सम्बन्धित जोनल पुलिस अधिकारी/सेक्टर पुलिस अधिकारी के दिशा–निर्देशों में कार्य करेंगे साथ ही अपने–अपने अभिदिष्ट क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर शांति एवं कानून व्यवस्था बनायें रखना सुनिश्चित करेंगे। ड्यूटी पर लगे सभी प्र0नि0/थानाध्यक्ष पर्याप्त संख्या में हमराह कर्मियों सहित रस्सा, लाउडहेलर, एण्टीराइट गन आदि के साथ ही ड्यूटी में रवाना होंगे। महोदय द्वारा आर0आई0 रेडियों को निर्देशित किया गया कि सूचनाओं के त्वरित अदान प्रदान हेतु समस्त वायरलेस सेटों को चेक करा लेंगे तथा बैट्री आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगें। समस्त सीसीटीवी कण्ट्रोल रूम प्रभारी मंदिर के अन्दर व परिसर की गतिविधियों पर एक साथ सतर्क दृष्टि बनायें रखेंगें। महोदय द्वारा स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों को और अधिक सक्रिय रहकर कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली सूचनाओं की जानकारी करने तथा प्रभारी मीडिया सेल को अपने निकट पर्यवेक्षण में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिवटर एवं व्हाट्सएप आदि पर सतर्क दृष्टि रखते हुए भ्रामक सूचना प्रसारित होने पर विधिक कार्यवाही करते हुए तत्काल उसका प्रभावी खण्डन करवाने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा यह भी बताया गया कि कजरी तीज पर्व में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ होती है जिसका फायदा उठाकर अवांछनीय तत्व छेड़खानी करने तथा चेन स्नेचिंग जैसी घटनाओं को कारित करते है ऐसी घटनाओं को रोकने हेतु एण्टीरोमीयों टीम सादे वर्दी मे भ्रमणशील रहकर अवांछनीय तत्वों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाये रखेंगी। मुख्य स्थानों तथा सरयू घाट के दोनो घाटों से 250 मीटर की दूरी तक तथा मन्दिरों से 250 मीटर की दूरी तक कोई दुकाने नही लगेंगी तथा सम्बन्धित अधिकारी इसे सुनिश्चित करेगें कि श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त जगह बनी रहे। प्रत्येक जगह पर सी0सी0टी0वी0 कैमरों से निगरानी व संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरों की मदद से चप्पे–चप्पे पर नजर रखी जायें। जिससे जनपद में कजरीतीज पर्व को सकुशल ढंग से संपन्न कराया जा सके।

**इस अवसर पर ड्यूटी पर लगे जनपदीय/बाहरी जनपद से आये हुए राजपत्रित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**